हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 जुलाई 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

07 हाट में हर कभी लगने वाले जाम से यात्री वाहन...



08 अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण न करें ...



## खबर संक्षेप

### किसानों के बैंक खाते 17 जुलाई तक आधार से लिंक कराएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना 2024 के अंतर्गत कृषकों की आय संवर्धन एवं आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से खरीक विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाल किसानों को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 150 किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक न होने के कारण समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसान के बैंक खाते में किया गया था। उन किसानों का विवरण, ई-उपार्जन पोर्टल के सभी लॉगिन में बैंक खाता आधार से लिंक न कराने वाले किसानों के बैंक खाते लिंक पर उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधितों को निर्देश दिये है कि किसानों के बैंक खाता 17 जुलाई तक आधार से लिंक कराये ताकि मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना 2024 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान विकय करने वाले किसानों को पोत्साहन राशि का भुगतान आधार लिंक खाते में किया जा सकें। इसके लिए किसान का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है। किसान का बैंक खाता आधार से लिंक न होने पर कृषि विभाग द्वारा प्रोत्साहन की राशि का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों से अपील की है कि वो अपना बैंक खाता आधार से लिंक शीध्र कराये प्रोत्साहन की राशि का भुगतान किया जा सकें।

### पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

**सीहोर।** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया है कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के बेहतर संचालन के लिये तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है। जिले में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि प्रदान की जा रही है। योजना की अनिवार्य कार्यवाही ई-केवायसी, आधार, बैंक खाता, डीबीटी केलिए इनेवल एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसी अनिवार्य कार्यवाही पूर्ण उपरांत ही हितग्राहियों को राशि प्राप्त होती है। योजना की 20वी किस्त माह जुलाई 2025 में किया जाना प्रस्तावित है।

वार्ड पार्षद लोगों की समस्याएं कराते हैं समय पर हल, लेकिन वार्ड में अभी भी बाकी हैं कई विकास कार्य

# सुकून के पल बिताने वार्ड में नहीं है पार्क निर्धारित समय पर नलों से नहीं आता पानी

**वार्ड क्रमांक 10 की कहानी लोगों की जुबानी**

### वार्ड में दो सार्वजनिक कुएं, दोनों लोहे की जाली से कवर हैं, एक दिन छोड़कर आ रहे नल, वार्डवासियों की इच्छा बने पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**फैक्ट फाइल**

**3500** आबादी

**2387** मतदाता (2022 के अनुसार)

**600** मकानों की संख्या

**प्रमुख क्षेत्र :** रानी मोहल्ला, सुदामा नगर, शिवाजी कालोनी, पुराना बस स्टैंड शामिल है।



हरिभूमि द्वारा वार्ड स्कैन की सीरिज में शहर के गंज क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक 10 में लोगों की समस्याएं जानी व पार्षद द्वारा वार्ड में कराए कामों को भी समझने का प्रयास किया। वार्ड क्रमांक 10 में कांग्रेस से पार्षद विवेक राठौर हैं, वह नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। यह उनका दूसरा कार्यकाल है। इससे पहले उनकी पत्नी नमिता राठौर यहां से पार्षद थीं, जो कुछ समय के लिए नपा अध्यक्ष भी बनीं।

वार्ड क्रमांक 10 में बड़े क्षेत्र के रूप में रानी मोहल्ला, सुदामा नगर, शिवाजी कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र का हिस्सा शामिल हैं। हरिभूमि वार्ड स्कैन के दौरान वार्डवासियों से वार्ड में पेयजल समस्या, सड़क, डोर टू डोर कचरा वाहन सहित अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वार्डवासियों ने बताया कि पार्षद विवेक राठौर का काम बहुत अच्छा है। वार्ड में एक दिन छोड़कर नलों से पानी आता है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में आधा घंटा पानी आता है, जो प्रेशर से नहीं आ रहा है। वार्ड में दो सार्वजनिक कुएं हैं, दोनों ही कुओं पर सेफ्टी के लिए लोहे की जाली लगी है। साथ ही रानी मोहल्ला क्षेत्र में किसी अनहोनी को देखते हुए नाले पर लोहे की बड़ी भारी जाली लगवाई गई है, ताकि कोई हादसा न हो।

#### वार्ड में पार्क होना चाहिए

पड़ताल के दौरान वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 में कोई विशेष समस्या नहीं है। हालांकि यदि



वार्ड के पास में ही मौजूद दशहरा मैदान पर एक सुव्यवस्थित पार्क बन जाए तो गंज क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा हो। पार्क में बच्चे खेल सके साथ ही बुजूर्ग भी सुकून के दो पल बिता सकें।

#### वार्ड में अनेक समस्याएं हैं



वार्ड में बहुत काम बाकी है। वार्ड में कुछ कुओं की मरम्मत बाकी है, कुछ रोड बाकी पड़े हैं। नालियों की साफ सफाई समय पर नहीं होती। वार्ड में कई और अनेक समस्याएं हैं, जिनका निराकरण समय पर नहीं हो रहा है।

*राजू सिरकवार, प्रतिद्वंदी प्रत्याशी वार्ड 10*

#### हरिभूमि की अपील

पिछले अन्य दो वार्डों की भांति वार्ड क्रमांक 10 में भी हरिभूमि वार्ड स्कैन किया गया। समस्या और अच्छाई दोनों को देखने का प्रयास किया गया, जैसा वार्डवासियों ने बताया वैसा ही प्रकाशित किया गया है। फिर भी हरिभूमि वार्डवासियों से अपील करता है कि यदि हमसे समस्याएं छूट गई हो या वार्ड में अन्य विशेष समस्याएं हो तो वाट्सअप नं. 9755123812 पर फोटो वीडियो भेजे, ताकि समस्याओं को लेकर भी वार्ड की दूसरी खबर प्रकाशित की जा सके।

हरिभूमि वार्ड -स्कैन

#### जिम्मेदारी से होता है समाधान



वार्ड में हर समस्या के निराकरण का प्रयास करता हूं। पिछली परिषद में मेरी पत्नी पार्षद थीं, इस बार जनता ने मुझे मौका दिया है। वार्ड में समस्या होती है तो उनका समाधान जिम्मेदारी से कराया जाता है।

*विवेक राठौर, नेताप्रतिपक्ष व पार्षद वार्ड क्र. 10*

### क्या बोले वार्ड नंबर 10 के रहवासी

#### कोई बड़ी समस्या नहीं



वार्ड में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है, यहां के पार्षद बहुत अच्छा रोल प्ले कर रहे हैं। ऐनी टाईम उन्हें फोन करो, कैसी भी समस्या हो छोटी-बड़ी वह तत्काल समस्या का समाधान करने में तत्पर रहते हैं। हम संतुष्ट है।

*इंजी. शुभम् श्रीवास्तव, वार्डवासी*

#### पार्क बनाया जाए



वार्ड क्रमांक 10 में कोई समस्या नहीं है। वार्ड पार्षद विवेक राठौर बहुत सक्रिय रहते हैं। एक छोटी सी इच्छा यह है कि पूरे गंज क्षेत्र के लिए है कि एक पार्क बन जाए, ताकि बच्चे यहां खेल सके और बुजूर्ग भी सुकून के दो पल बिता सके।

*विजय राठौर, वार्डवासी*

#### एक दिन बाद आते हैं नल



हमारे वार्ड में कोई परेशानी नहीं है। हमारे पार्षद महोदय इतने अच्छे है कि एक बार समस्याएं बताएं वह तुरंत उस समस्या को दूर कर देते हैं। नल एक दिन छोडक़र आ रहे हैं, कचरा गाड़ी भी प्रतिदिन आ रही है।

*कमलेश गुप्ता, दुकानदार*

#### पार्षद करते हैं भ्रमण



हमारे वार्ड में कोई समस्या नहीं है। कचरा गाड़ी भी सुबह से आ जाती है। नलों से भी बराबर पानी आ रहा है। वार्ड पार्षद बहुत सक्रिय रहते हैं, वह लगातार वार्ड में भ्रमण कर जनता से वार्ड की समस्याओं के बारे में पूछते रहते हैं।

*अलका राठौर, वार्डवासी गंज बजरिया*

#### समय पर नल आएं



हमारे वार्ड क्रमांक 10 में कोई समस्या नहीं है। एक समस्या है वह नल की है। नल एक दिन छोडक़र आते हैं। हमारे शिवाजी नगर में नलों में प्रेशर से पानी नहीं आता, बस यही एक छोटी सी समस्या है।

*वंदना राठौर, वार्डवासी*

#### पानी का समय हो निर्धारित



वार्ड में ऐसी कोई विशेष समस्या नहीं है, जिसे बताया जा सके। साफ सफाई नियमित होती है, कचरा गाड़ी भी आती है। एक छोटी सी समस्या है वह यह कि नलों से एक दिन छोडक़र पानी आता है, जिसका समय निर्धारित नहीं है।

*दीपमाला सिसोदिया, शिवाजी कॉलोनी*

## अच्छी वर्षा की कामना के लिए पूजे खेड़ा देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर सहित क्षेत्र में अच्छी वर्षा अच्छी फसल व अच्छे व्यवसाय की कामना को लेकर कस्बा पटेल की अगुवाई में किसानों द्वारा खेड़ा देव पूजे गए। नगर सहित क्षेत्र में अभी तक मानसून की अच्छी वर्षा नही होने से अधिकांश क्षेत्र में खरीफ फसल की स्थिति अच्छी नही है। गुरुवार को रिमझिम वर्षा के बीच अच्छी वर्षा अच्छी फसल व अच्छे व्यवसाय की कामना को लेकर कस्बा पटेल परिवार की अगुवाई में नगर के पाटीदार समाज के किसानों द्वारा खेड़ा देव पूजे गए।

सर्वप्रथम खेड़ापति हनुमान की पूजा अर्चना की गई उसके पश्चयात नगर में स्थित समस्त देवी देवताओं के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की गई। सबसे अंत मे बल्डावदा हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान







व नगरवासी उपस्थित थे। गौरतलब है कि नगर सहित तहसील के अधिकांश ग्रामों में अभी तक तेज वर्षा नही हुई है। मात्र बूंदाबांदी व रिमझिम वर्षा ही हुई है। जिसके चलते पथरीली भूमि की फसलें मुरझाने लगी है। क्षेत्र में जोरदार वर्षा का इंतजार है।

#### लसुलड़िया में मनाई उज्जैनी

तहसील के ग्राम लसुलड़िया केलवा में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर गुरुवार को उज्जैनी मनाई गई। समस्त ग्रामवासियों द्वारा जंगल मे भोजन बनाकर वही ग्रहण किया गया। इस दौरान ग्राम में किसी भी घर चूल्हा नही जला।

## मां के आंगन में भजन संध्या का हुआ कार्यक्रम

प्रसिद्ध भजन गायक लक्खा के द्वारा दी गई प्रस्तुतियां




**नलखेड़ा।** नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी के आंगन में बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा के द्वारा माता के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। मां बगलामुखी मंदिर के मुख्य सिंह द्वार के बाहर लगे डोम के अंदर बुधवार रात्रि को माता के परम भक्त कमल शर्मा मेरठ उत्तर प्रदेश वालों के द्वारा विशाल भजन संध्या रखी गई है। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा के द्वारा माता भजनों की सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। भजन संध्या के इस कार्यक्रम में माता भक्तों के साथ मंदिर समिति सदस्य एवं अधिकारी गण उपस्थित थे।



## चातुर्मास में हम पाप से निवृत्ति एवं धर्म से प्रवृत्ति पर आगे बढ़ते हैं: रत्ननिधि मसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**जैन आराधना भवन में चल रहे धार्मिक प्रवचन**




जीवन में छोटा सा नियम भी हमारे आत्म कल्याण में सहायक बन जाता है। चातुर्मास के दौरान गुरु भगवंतो के श्री मुख से जिनवाणी का श्रवण कर उसे जीवन में आत्मसात करें तो यह मानव जीवन हमारा सफल हो जाएगा। चातुर्मास में हम पाप से निवृत्ति एवं धर्म से प्रवृत्ति की ओर आगे बढ़ते हैं। यहां पर्व अहिंसा का पर्व है। उक्त प्रेरक विचार जैन आराधना भवन में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी रत्न निधि म.सा. ने प्रवचन में उपस्थित समाज जनों के समक्ष व्यक्त किये। साध्वी जी ने कहा कि इंद्रियों को जीतना है, तो उस पर अंकुश लगाना पड़ेगा। इसके लिए हमें तप, आराधना कर आत्मा को तपाना पड़ेगा। चातुर्मास के चार माह में आपको परमात्मा की आज्ञा का पालन कर जयणा पूर्वक सभी कार्य कर धर्म आराधना के लिए प्रवृत होना चाहिए। साध्वी जी ने कहा कि यदि हमने जीवन में छोटा सा नियम लेकर उसका पालन किया तो वह नियम हमारे आत्म कल्याण में सहायक बन जाता है। उन्होंने कहाकि हमें यह जो मानव जन्म मिला है उसका सदुपयोग करने के लिए धर्म आराधना, परोपकार के कार्य तो करना ही है। वहीं कम से कम एक नियम जीवन में अवश्य लेना चाहिए। चातुर्मास के चार माह धर्म आराधना का सुनहरा अवसर हमें मिला है, इसमें आराधना कर इस दुर्लभ मानव जन्म को सफल बनाना है। प्रवचन उपरांत साध्वीजी द्वारा प्रतिदिन उपस्थित समाज जनों को एक दिन के लिए किसी वस्तु या पदार्थ के त्याग के लिए नियम के पचखाण करवाए जाते हैं।

**जैन समाज के चातुर्मास में होगी विभिन्न आराधना**

## अट्ठम तप व माता आराधना आज से होगी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन श्वेतांबर समाज का चातुर्मास 9 जुलाई से प्रारंभ हो गए हैं। चातुर्मास के दौरान समाजजन अपनी आत्मा के कल्याण तथा जीवन में परिवर्तन लाने के लिए गुरु भगवंतो की निश्रा में विभिन्न जप तप व अन्य धर्म आराधना करेंगे। स्तंभन पार्श्वनाथ के अट्ठम तप व माता पद्मावती देवी की आराधना का कार्यक्रम आज से प्रारंभ होगा। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास आराधना करवाने के लिए हनुमान मंडी स्थित जैन आराधना भवन में विराजित प.पू. प्रज्ञा भारती, महा मांगलिक प्रदात्री गुरुवर्या चंद्रप्रभाश्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या साध्वीजी प.पू.रत्न निधि म.सा. , पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन निश्रा में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधना होगी। आराधना की इसी कड़ी में श्रेणीक तप की तपस्या 16 जुलाई से प्रारंभ हुई। शुक्रवार से स्तंभन पार्श्वनाथ के अट्ठम तप की आराधना के साथ स- स्वर नमस्कार महामंत्र की तीन दिवसीय अखंड आराधना प्रारंभ होगी।



जैन आराधना भवन में स्तंभन पार्श्वनाथजी की प्रतिमा अखंड जाप के लिए स्थापित करने का लाभ कैलाशचंद ,प्रेमचंद , प्रकाशचंद फाफरिया परिवार ने लिया है।

अखंड दीपक का लाभ हिम्मतमल रमेश कुमार फाफरिया परिवार ने लिया है शुक्रवार को प्रातः8:45 बजे लाभार्थी परिवार प्रतिमा तथा दीपक स्थापना विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ करेंगे। साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की पावन धरा पर प्रति शुक्रवार कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका माँ भगवती पद्मावती देवी की भव्य सामूहिक आराधना 18 जुलाई शुक्रवार से प्रारंभ होगी। आराधना प्रति शुक्रवार को जैन उपाश्रय में प्रातः 10: 30 बजे से प्रारंभ होगी। मां पद्मावती देवी की आराधना करने वाले सभी श्रावक श्राविकाओं के एकासना भी लाभार्थी परिवारों द्वारा जैन धर्मशाला में करवाए जाएंगे। प्रथम दिन की मां पद्मावती की पूजन व एकासना के लाभार्थी हिम्मतमल रमेश कुमार फाफरिया परिवार रहेगा।

**खबर संक्षेप**

## डॉ. नागर बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, समाज जनों ने किया स्वागत



**भौरासा।** नगर के डॉ. रूप सिंह नागर को अखिल भारतीय श्री धाकड महासभा भारतवर्ष के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर समाज जनों में हर्ष व्याप्त है. डॉ. नागर का क्षेत्र में जगह-जगह स्वागत सम्मान हो रहा है। इसी कड़ी में क्षेत्र भर से उनके निवास पर समाजजन पहुंचे और उनका शाल, श्रीफल, मिठाई खिलाकर साफा बांधकर स्वागत किया गया। भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर ,धाकड़ समाज के राजेश धाकड़,सतीश धाकड़, घासीराम धाकड़, कमल सिंह धाकड़, विनोद धाकड़,रनायरकला समंदर सिंह सरपंच, हीरालाल, महेश, डॉ.गोकुल, मनोहर सिंह, टोंकखुर्द से एडवोकेट श्याम गलोदिया, रामस्वरूप, सुरेश अधिकारी, डॉ. कमलेश, निर्भय सिंह कराड़ा,जगदीश गलोदिया, जीतू गलोदिया, शंकर लाल गुनाई सहित आदि समाज जन उपस्थित रहे।

## साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे

**भौरासा।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 वी की 36 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में छात्राए साइकिल पाकर बड़ी खुश हुई। वहीं सरकार का व सरकार की इस योजना का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नीता शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष जयसिंह राणा एव पार्षद शिक्षक संघ समिति अध्यक्ष विनोद डोडिया, रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर, पार्षद छोटू लाल लोधी आदि उपस्थित थे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में 50 हजार से 3 लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर

# नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय के साथ महापौर और आयुक्त ने नई दिल्ली में प्राप्त किया राष्ट्रपति पुरस्कार





### निगम को दूसरी बार वाटर प्लस सर्टिफिकेट मिला "रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल" थीम पर आधारित सर्वेक्षण में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देवास ने पहला स्थान हासिल किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर निगम देवास स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित हुआ। देवास को पहली बार स्वच्छता में गार्बेज फ्री सिटी के कारण फाइव स्टार रेटिंग मिली हैं। साथ ही शहर को वाटर प्लस प्लस और ओडीएफ प्लस प्लस श्रेणी मिली है। निगम को दूसरी बार वाटर प्लस सर्टिफिकेट मिला। निगम ने रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल थीम पर आधारित सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम आने पर नगर निगम को देवास के इतिहास में प्रथम बार राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ है। राष्ट्रपति श द्रोपदी मुर्मू के हाथों से नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त रजनीश कसेरा ने राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की उपस्थिति में 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों को पुरस्कृत किया। स्वच्छ सर्वेक्षण के पुरस्कारों में महाकुंभ को विशेष मान्यता सहित 43 राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की गई। दिल्ली मे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के दल मे निगम सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, स्वच्छता कंसलटेंट विश्वजीत सिंह, विशाल जोशी, अरूण तोमर उपस्थित रहे। देवास नगर निगम को पुरस्कार से सम्मानित होने के पश्चात महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने अपने संदेश मे कहा कि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने पर देशभर मे देवास शहर सम्मानित हुआ है। इस उपलब्धि पर नगर निगम के सफाई मित्रों, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारीगण, समस्त पार्षद गणों एवं शहरवासियों सहित मिडिया के रचनात्मक सहयोग से ही शहर पुरस्कृत हुआ है। राष्ट्रपति सम्मान समारोह को नगर निगम बैठक हाल मे निगम अधिकारियों, कर्मचारियों के द्वारा लाईव प्रसारण देखा गया। जैसे ही देवास महापौर व आयुक्त ने उक्त सम्मान प्राप्त किया वैसे ही कर्मचारियों मे अपार खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे देश मे देवास का नाम स्वच्छता के क्षेत्र मे रोशन होने पर निगम कार्यालय परिसर मे आतिशबाजी की गई। उपस्थित सभी सफाई मित्रों व दरोगाओं को मिठाई का वितरण उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकीर जाफरी उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अ.भा.स.म. ट्रेड युनियन अध्यक्ष विकास सांगते, निगम लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्रसिंह ठाकुर, हेमन्त उबनारे, भूषण पवार, रवि गोयनार सहित दरोगा व सफाई मित्र एवं निगम कर्मचारी बडी संख्या मे उपस्थित रहे।





# पीएम आवास योजना अंतर्गत बने मकान का रात में छत का गिरा छज्जा, दो लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान में बुधवार देर रात छत का छज्जा गिर गया। इस हादसे में एक महिला और उसकी बेटी घायल हो गईं। घटना हुकमचंद सोनी के मकान में हुई।

घायल महिला की पहचान कृष्णा मंडलोई के रूप में हुई है। उनके साथ उनकी बेटी डिम्पल भी घायल हो गई।महिला कृष्णा मंडलोई ने बताया कि हादसे के समय वह चंद्रशेखर आजाद नगर स्थित घर में अपने पति विशाल और तीन बच्चों के साथ सो रही थी। इस दौरान रात करीब दो बजे छत से छज्जा गिर गया। हादसे में वह और उसकी बेटी डिम्पल घायल हो गई। कृष्णा के सिर में पांच टांके लगे और पैर भी फ्रैक्चर हो गया।पति और स्थानीय लोग उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां गुरुवार को दोनों का इलाज किया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि मकानों का रखरखाव लंबे समय से नहीं किया गया था।

देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।जानकारी अनुसार, साल 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चंद्रशेखर आजाद नगर में ऐसे 448 भवन बने थे। महिला कृष्णा मंडलोई को यह घर 2017 में आवंटित किए गए थे।विधायक पवार ने बताया कि छत पर पानी जमा होने से वह जर्जर हो गई थी। महिला के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। मुख्यमंत्री सहायता अनुदान से पीड़ित परिवार की मदद की जाएगी।

# हादसे के बाद भरे पुल के गड्ढे, स्थाई समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम मोखाप्पिल्या की काली सिंध नदी का पुल खतरों का पुल बन चुका है। आए दिन यहां पर लगातार हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। हरिभूमि द्वारा लगातार विगत 1 वर्षों से इस पुल की बदहाल स्थिति एवं घटित होने वाले हादसों के बारे में खबर प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन समय रहते भी किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। आखिरकार रविवार को यहां पर एक बार फिर हादसा हुआ। नदी में एक कार के गिरने से दो की मौत हो गई। बता दे की नदी के पुल के दोनों और मोड़ होने के कारण तेज गति से आने वाले वाहन चालकों को सामने से



आने वाला वाहन दूर से दिखाई नहीं देता है, जिसके कारण पुल पार करने के दौरान कई बार वाहन अचानक हादसे का शिकार हो जाते हैं। हालांकि रविवार को हुए हादसे के बाद जिम्मेदारों ने अस्थाई रूप से पुल पर हुए गड्ढों को भर दिया है।साथ ही कुछ सूचना संकेत लगाए गए हैं, हालांकि बताया जा रहा है पुल के दोनों और हाथों में लाल झंडी लेकर कुछ कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो की दोनों तरफ से आने वाले वाहनों को धीमी गति के लिए संकेत देंगे, लेकिन जब हमारे संवाददाता ने मौके पर जाकर देखा तो एक तरफ लाल झंडियां तो रखी थी, लेकिन पुल पर कोई व्यक्ति नहीं था। ग्रामीणों का कहना है कि पुल के दोनों और स्पीड ब्रेकर बनाए जाना चाहिए, जिससे कि तेज गति से आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके और इस दौरान पुल की चौड़ाई व लंबाई का आकलन कर पुल पर से वाहन सुरक्षित निकाल सके। बता दे कि यह पुल काफी पुराना है जो की काफी जर्जर भी हो चुका है। अंग्रेजों के जमाने का पुल बना हुआ है, इसलिए अभी तक टिका हुआ है। हालांकि क्षेत्र के लोग एवं मीडिया के माध्यम से कई वर्षों से इस कालीसिंध नदी पर नवीन पुल की मांग की जा चुकी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

### तहसीलदार ने एनएचआई अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ सुनी ग्रामीणों की समस्या

# पुलिया निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर उतरा आदिवासी समाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में इन दिनों इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान कई परेशानियों का सामना क्षेत्र के लोगों को करना पड़ रहा है। कहीं पर निर्माण एजेंसी द्वारा आवश्यकता होने के बाद भी अंडरपास रास्ता नहीं बनाया जा रहा है, तो कहीं पर पानी निकासी के लिए पुलिया नहीं बनाई जा रही हैं, जिसके कारण इस मार्ग से जुड़े लोग एवं किसान काफी परेशान है। हालांकि समस्याओं के हल के लिए पहले लोग निवेदन आवेदन करते हैं, लेकिन बावजूद इसके कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझता है। बिगड़े सिस्टम के कारण अपनी समस्याओं का समाधान करने के लिए लोगों को अलग ही रास्ता चुनना पड़ता है, और उसी के चलते एक बार फिर इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम खेड़ाखाल में पुलिया निर्माण की मांग को लेकर आदिवासी समाज के लोगों को सड़क पर धरना प्रदर्शन करना पड़ा। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित ग्राम खेड़ाखाल से नवीन हाईवे मार्ग निकल रहा है, जहां पर निकलने के लिए निर्माण एजेंसी द्वारा अंडरपास रास्ता तो बनाया गया, लेकिन वही जंगलों से आने वाले पानी के लिए एक बड़ा नाला वर्षों पुराना होने के बाद भी उस पर पुलिया नहीं बनाई गई।

ग्रामीणों के अनुसार बारिश के दिनों में नाले में जंगल से बहकर काफी अधिक पानी आता है। उसकी निकासी के लिए निर्माण एजेंसी द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण रविवार के दिन हुई बारिश के में नाले का पानी खेतों में पहुंच गया और यहां पर स्थित परिवारों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों की मांग पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। मजबूर होकर गुरुवार के दिन इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग के किनारे गांव के रास्ते पर टेंट लगाकर सभी आदिवासी परिवार के महिला, पुरुष और बच्चे धरने पर बैठ गए। हालांकि इसकी भनक लगते ही स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। ताबड़तोड़ निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, एनएच एआई विभाग के अधिकारी व राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका निरीक्षण किया इस दौरान सभी ग्रामीणों ने अपनी मांग रखी।

जयस पुर्व जिला अध्यक्ष बेरसिंग डाबर ने बताया कि यहां वर्षों पुराना एक नाला है, जिसमें बारिश का पानी बहुत तेज आता है, अंडरपास रास्ता बनाया गया है लेकिन उक्त बारिश के पानी की निकासी के लिए पुलिया नहीं बनाई गई, जिसके कारण रविवार को हुई बारिश में जब नाला उफान पर आया तो घरों में और खेतों में पानी घुस गया। जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा था। मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ा। तहसीलदार नीरज प्रजापति ने निर्माण एजेंसी एवं एनएच एआई विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर सभी ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मौके का निरीक्षण कर यहां पर अलग से पानी निकासी के लिए पुलिया का निर्माण कर दिया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि निर्माणाधीन मार्ग पर मूर्रम के ऊपर से डंपर निकलते हैं, जिसके कारण गांव का आधा रास्ता पूरी तरह खराब हो चुका है।

पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है। स्कूल बस भी गांव तक नहीं पहुंचती है। बच्चों को हाईवे मार्ग तक लेकर आना पड़ता है। जहां पर ग्रामीणों ने मूर्रम डालकर रास्ते को दुरुस्त करने की मांग की है। तहसीलदार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान उदयनगर थाना प्रभारी सुनीता कटारे,कमलापुर थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर, जयस ब्लॉक अध्यक्ष अजय बरेला, सुनील बारेला, रमेश बारेला, सुंदरलाल, प्रेम सिंह, कालू बरेला सहित बड़ी संख्या ग्रामीण व पुलिस बल भी तैनात रहा।

# महिला के साथ हुई ठगी, बदमाश सोने की चेन लेकर हो गया फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत विजया रोड पर ठगो महिला के साथ ठगी। अपने घर के नीचे ही महिला ठगी का शिकार हुई। महिला मंदिर से दर्शन कर घर लौट ही थी कि महिला का पीछा करते हुए दो बदमाश बाइक से महिला के घर के पास आए और सोने की चेन पर हाथ साफ किया।

घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। सूचना मिलने पर सीएसपी सुमित अग्रवाल व नाहर दरवाजा मंजू यादव थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज जांचे है। पीड़ित महिला से पुलिस ने चर्चा भी की, मामले को लेकर पुलिस ने फरियादी महिला की रिपोर्ट पर जांच शुरू की है। जानकारी अनुसार गुरुवार सुबह विजया रोड स्थित मंडी व्यापारी राजेंद्र जैन की पत्नी निर्मला जैन उम्र 55 वर्ष मंदिर से घर की पहुंची ही थी कि उनका पीछा करते हुए चार बदमाश दो बाइक से आए उन्होंने निर्मला जैन को रोका और उनके गले में पहनी सोने की चेन चालाकी से उतरवाकर लेकर फरार हो गए। ठगों ने अपने आप को सिविल कपड़ों में पुलिस जवान बताया। सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि विजया रोड पर करीब 10.45 बजे एक महिला के पीछे दो बाइक पर चार व्यक्ति आए और दो व्यक्तियों ने वार्तालाप की उसके बाद उनसे गले की चेन उतरवाकर बैग में रखवाई और अज्ञात व्यक्ति चेन लेकर फरार हो गए। महिला को उन्होनें पुलिस वाले बताया है इसकी भी जांच की जा रही है। पुलिस आगे कार्रवाई कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## सकल हिंदू समाज ने किया सम्मान



**आष्टा।** नगर में श्रावण मास के उपलक्ष में आयोजित श्री शिव कथा पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन व महाभिषेक 11 से 15 जुलाई को पंडित अशोक शर्मा ने शिव कथा का पांच दिवस तक रस पान भक्तजनों को कराया। पार्थ शिवलिंग निर्माण में पुरुष वर्ग व मातृशक्तिओ ने शिवलिंग बनाने में भक्ति भाव के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिदिन शिवलिंग बनाकर अभिषेक आरती की समापन दिवस पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव सह अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने पंडित अशोक शर्मा का सम्मान किया। सकल हिंदू समाज अध्यक्षगण चंद्रवंशी खाती समाज अध्यक्ष बीएस वर्मा, डोंगरे समाज अध्यक्ष मनीष डोंगरे, नामदेव समाज अध्यक्ष मुकेश नामदेव, चंद्रवंशी खाती समाज अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, जाट समाज अध्यक्ष महेश जाट, जयसवाल समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण जायसवाल, करार समाज अध्यक्ष अचल करार, सिंधी समाज अध्यक्ष सुशील भोजवानी, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष राधेश्याम सोनी आदि ने आयोजक दिनेश सोनी, धर्मेन्द्र सोनी का स्वागत सम्मान किया।

### साप्ताहिक हाट बाजार में अव्यवस्थित वाहन बन रहे परेशानी का कारण

# हाट में हर कभी लगने वाले जाम से यात्री वाहन व एंबुलेंस को नहीं मिलता है रास्ता

अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण के कारण नगर में भी आए दिन जाम के हालात बनते है। साप्तहिक हाट बाजार में सुबह से लेकर शाम तक जाम लगने के कारण लोग परेशान होते हैं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

शहर में प्रत्येक बुधवार को भोपाल नाके के समीप पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर हाट बाजार लगता है यहां पर हाट बाजार में अवस्थित वाहन खड़े होने से के चलते पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर जाम लग जाता है आज भी 10 बजे से 11 के बीच 1 घंटे तक वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी। दरअसल बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में वाहनों के खड़े होने की जगह है उसके बाद भी कई बार रोड किनारे खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो जाता है और जरा सी देर में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है आज भी बारिश के चलते कई वाहन सड़क किनारे खड़े थे और इस दौरान करीब 1 घंटे तक जाम लग गया। नागरिक शैलेश शर्मा, अखिलेश धनगर ने बताया है कि 1 घंटे तक आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी इस मार्ग पर बुधवार के दिन वाहन धीरे-धीरे चलते हैं।

### जाम में यात्री बसें और एंबुलेंस भी फंसी





रोड पर वाहन खड़े रहने से दरगाह से लेकर भोपाल नाका तक और जेके हॉस्पिटल तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई इस दौरान भोपाल इंदौर सहित अन्य मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें और एक एंबुलेंस भी फस गई इधर दो पहिया वाहन चालक जाम से बचने के लिए आवास कॉलोनी से मुगली रोड होते हुए निकल गए।

# नशा मुक्ति अभियान से प्रेरित हुए ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त कराने शुरू किए प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान का असर भी नजर आ रहा है। जहां एक तरफ प्रशासन जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और नशे के दुष्परिणाम बता रहे है।

इसी पहल के चलते अब सीहरे जिले की भैरूंदा के ग्राम अंबा कदीम में भी नशे के खिलाफ पूरा गांव खाडा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में संचालित शराब दुकान को बंद करने के साथ नशा करने वालों पर कार्रवाई करने तक की मांग कर रहे है।

### आए दिन होते है विवाद

ग्रामीणों ने प्रशासन को आवेदन देकर बताया कि गांव में अधिकतर लोग नशे की लत से परेशान है। गांव के लोग नशा कर गालिया देते है, कई बार तो विवाद की स्थिति भी बन जाती है। जिस के कारण ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

### दिया सहमति पत्र

मंगलवार को ग्राम पंचायत में ही जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जहां पर ग्रामीणों ने आवेदन देकर गांव में संचालित हो रही शराब की दुकान बंद करने सहमति बनाई। सभी ग्रामीणों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर ग्राम पंचायत और एसडीएम को आवेदन दिया।

### कोई भी नशे में मिला तो हो कार्रवाई


अंबा कदीम के ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम को दिए आवेदन में उल्लेख किया कि सभी ग्रामीणों ने मिलकर सहमति दी है। ग्रामीणों ने कहा कि आज के बाद अगर गांव में कोई भी व्यक्ति नशा करता हुआ पाया गया तो उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बैठक में की चर्चा




**जावर।** बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस को लेकर खजुरिया खंड ग्राम इकाई आरोलिया में बैठक संपन्न हुई जिसमें बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जावर प्रखंड मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक अंकुर बिल्लौरे, प्रखंड सह संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुईं। बैठक में ग्राम इकाई बाजखेड़ी का गठन किया प्रखंड मंत्री द्वारा अध्यक्ष गगन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, मंत्री गजेंद्र सिंह ठाकुर, संयोजक गोलू सिंह ठाकुर की घोषणा हुई। बैठक में उपस्थित जावर नगर अध्यक्ष विशाल ठाकुर, संयोजक शिव प्रजापति, खजुरिया खंड मंत्री चेतन सिंह ठाकुर ,संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर, गोरक्षा प्रमुख कैलाश सिंह ठाकुर, लोकेंद्र पटेल, सवाई सिंह, गोपाल सिंह ,विजय सिंह, अर्जुन एवं समस्त ग्राम इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अंकुर बिल्लौरे ने किया।

# कण-कण में ईश्वर विराजित हैं और श्रद्धा से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है: बापचा धाम सरकार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

हमारे क्षेत्र में बापचा बरामद स्थित खुटालिया धाम अंचल की एक प्रसिद्ध और सिद्ध पीठ है जो जनसमुदाय की आस्था और विश्वास का केंद्र है इस धाम पर विराजित पड़ियार मोहन सिंह ठाकुर पीठ पर विराजित होकर आगतुक लोगो की समस्या सुनते है और धार्मिक आस्था से निराकरण करते है। बुधवार को पिठाधीश पड़ियार मोहन सिंह बापचा धाम सरकार के जन्मदिन होने से पुरे प्रदेश से भक्तगणों ने आकर एक मेले जैसा दृश्य बना दिया। इस शुभ बेला में बधाई देने मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्री एवं भाजपा के श्रेष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय खुटालिया धाम पहुंचे, जहां उन्होंने धाम सरकार का आत्मीय अभिनंदन करते हुए जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार अपने साथियो नरेंद्र सिंह ठाकुर केमिस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह अजय के साथ बापचा धाम पहुचे और उन्होंने पड़ियार मोहन सिंह ठाकुर बापचा धाम सरकार का शाल श्री फल पुष्प गुच्छ और बाबा महाकाल की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा की बापचा धाम सरकार हमारे अंचल की एक सिद्ध पीठ है। जहां हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था और विश्वास के साथ अपनी समस्याओ को निराकृत कर जाते है। इस अवसर पर श्री धाम सरकार ने अपने सभी भक्त गणों को आशीर्वाद देते हुए कहा की हमारा देश ऋषि मुनियो का देश है। यहां श्रद्धा से व्यक्ति स्वयं मजबूत होता है और कई समस्याएं स्वमेव निराकृत हो जाती है हमारे यहां कण कण में ईश्वर विराजमान है और श्रद्धा ही शक्ति का बड़ा स्त्रोत है। इस अवसर प्रदेश और अंचल से आये भक्त गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर व जनपद सीईओ ने गोशाला का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

वर्षा ऋतु में गोवंश के सड़कों पर एकत्र होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा निर्मित गोशालाओ मैं गोवंश के रहने की व्यवस्था हेतु जिले स्तर से अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। विगत दिवस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमित व्यास ने गोपालपुर, अरनिया गाजी, कल्याणपुरा ग्राम पंचायत की गोशालाओ का निरीक्षण किया गया। गौशाला में साफ सफाई गोवंश के पेयजल व भूसे की समुचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित सरपंच सचिव को निर्देशित किया गया। बुधवार को कलेक्टर बाला गुरु ने ग्राम पंचायत रूपेटा की गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया गौशाला की व्यवस्था को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गई ,साथ ही ग्राम/ग्राम पंचायत खड़ी हाट में 210 घरों के बाथरूम और किचन से निकलने वाले ग्रे वाटर प्रबंधन तथा उपचार के लिए सामुदायिक स्तर पर निर्मित की गई डिवाट्स संरचना का निरीक्षण कर संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन टाले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमित व्यास उपस्थित थे।

# मंडल कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

भारतीय जनता पार्टी जावर मंडल द्वारा स्थानीय शिवालय मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बेल पत्र का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, प्रेम सिंह महाकाल, धर्मेंद्र ठाकुर, राजू भावसार, राजेंद्र सेंधव, हरेंद्र विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, योगेश भावसार, तेज सिंह भाटी, गोविंदराम मालवीय, राहुल ठाकुर, प्रतीक भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, पवन मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## व्यावसायिक शिक्षा व कौशल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल



**खाचरोद।** पीएम श्री गवर्नमेंट हाई सेकंडरी स्कूल खामखेड़ा जत्रा विद्यालय परिसर में कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आईटी और बयूटि से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए। चयन समिति में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक इंदर सिंह पटेल, भूतपूर्व पीटीए अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, एटीएल मैटर प्रभारी इंदर सिंह ठाकुर शिक्षक द्वारा आई सेंसर कार प्रथम, नेटवर्क सिक्योरिटी द्वितीय, फायर वर्क्स मॉडल को तृतीय स्थान दिया गया। 9वी से 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं की सहभागीदारी रही। प्राचार्य व समस्त शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर द्वारा बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के नोडल विनोद धारवा द्वारा समस्त अतिथियों स्टाफ सदस्यों एवं अन्य का आभार व्यक्त किया।

# 30 जुलाई तक चलाया जाएगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्यामपर

पुलिस मुख्यालय द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाये जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत थाना श्यामपुर में पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मीडियाकर्मियो व शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा, उपनिरीक्षक अवनीष मौर्य द्वारा उपस्थित नागरिको, मीडियाकर्मियो व शांति समिति के सदस्यो को नशे से दूर रहने की सलाह दी। बताया कि वर्तमान में नशे के प्रभाव में ही अपराधो में बड़ोत्तरी हो रही है। अगर मनुष्य नशे का त्याग करें तो उसका जीवन खुशहाल होगा। नशे से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। जिससे व्यक्ति को आर्थिक व शारीरिक नुकसान नही होगा। अगर व्यक्ति नशे का त्याग करता है तो नशे की हालत में होने वाली दुर्घटनाओ से बचा जा सकता है। बैठक में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, लाइव कुरैशी नवदीप श्रीवास्तव, प्रदीप पुष्पद, उपसरपंच निरपत सिंह, मथुरा प्रसाद, दाऊद मकबूल खा आदि उपस्थित थे।

### सिद्धिगंज और जावर पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

# छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने लोगों को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धिगंज



नशा मुक्ति अभियान के तहत सिद्धि गंज थाना पुलिस द्वारा व पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। बालक बालिकाओं द्वारा नारे लगाकर नशे से दूरी है जरूरी, रैली के माध्यम से बताया गया। सभी को नशे से बचाना है, सभी को नशे से दूर रहना है। रैली के माध्यम से बताया गया कि नशीला पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। रैली ग्राम के मुख्य मार्ग पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुराना थाना रोड, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, खाती मोहल्ला होते हुए पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पहुंचे। जहां पर थाना प्रभारी द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को नसे से संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। बताया गया कि कभी भी किसी प्रकार का नशा का सेवन नहीं करना चाहिए। नशा हमारे लिए एक खतरनाक पदार्थ है। वही हेल्पलाइन नंबर दिए गए 1933 मानस हेल्पलाइन नंबर,14416 नेशनल सुसाइड हेल्पलाइन नंबर, 14446 नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर, 7049100785 मध्य प्रदेश नारकोटिक्स विभाग, विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नंबर छात्र-छात्राओं को बताई गई, ताकि किसी भी प्रकार की अपराध एवं नशा को रोका जा सके। वहीं थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि यदि किसी भी बालिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की घटना होती है तो तुरंत इसकी सूचना थाने या अपने शिक्षक को दें यदि कोई भी किसी भी प्रकार का अपराध करता हो उसकी भी सूचना तुरंत अपने परिजन व थाने में दे। छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की धाराओं के बारे में अपराध संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि घर में या मोहल्ले में या गांव में कोई भी किसी भी प्रकार का नशा या कोई अपराध करता है तो हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कराए। रैली में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण व थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल, एस आई सूरज परिहार, कार्तिक रावत राकेश डावर, राहुल माझी, नरोत्तम, जितेन, सारिका, एएसआई माघे सिंह ,महेश वर्मा समस्त सिद्धि गंज थाना स्टाफ मौजूद रहा।

### जावर में चला नशा मुक्ति अभियान



**जावर।** एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सांदीपनी स्कूल जावर के शिक्षक, छात्र-छात्राओं, नगर-ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य, नागरिक, पत्रकार व पुलिस स्टाफ ने मिलकर जावर में नशे के विरुद्ध जन जागरूक रैली निकाली। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा नशे के दुष्प्रभाव संबंधी कविताएं, स्लोगन, चित्रकारी कर जनता में नशे के विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम किया। बच्चों को प्रोत्साहित करने इनाम वितरण भी किया गया।

# गुरुजी और लाभार्थी परिवार का होटल व्यापारी संघ ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर आष्टा में शिवभक्ति का अद्भुत आयोजन माखनलाल, दिनेश कुमार ,धर्मेन्द्र सोनी ,मोहित ,राज ,एवं अभिजीत सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। निज निवास, ओमशांति मार्ग, ब्लैक भवन रोड पर चल रहे पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक व श्री शिव कथा के पांच दिवसीय कार्यक्रम का संचालन पं. अशोककुमार शर्मा आचार्य के सानिध्य में हो रहा है। आयोजन के चतुर्थ दिवस गुरु जी एवं लाभार्थी परिवार का होटल व्यापारी संघ के द्वारा पुष्मला से स्वागत किया जिसमे उपस्थित संघ के अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल, महामंत्री दिलीप वशिष्ट, राजेंद्र जायसवाल , उज्जवल जैन , उत्थान धारवा, हर्ष राठौर, लोकेंद्र वशिष्ट, मनोहर मेवाडा आदि ने स्वागत सम्मान किया।

### अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल

# दस्तावेज गुम होना तो बहाना है आखिरकार घोटाले की सच्चाई छुपाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा/बोडा

सीसीवी बैंक के अधीनस्त संचालित होने वाली बोडा सोसायटी के हाल बेहाल हैं यहां पर पिछले सालों में हुए गबन को छुपाने में सारा स्टॉफ एक हो गया हो है। हालात ऐसे हैं कि वर्तमान में जो बोडा सोसायटी के प्रभारी समिति प्रबंधक हैं उन्हें इस मामले के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उनका कहना है कि यह मामला उनके कार्यकाल से पूर्व का है और पूर्व के कोई भी दस्तावेज उनके पास नहीं हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बोडा सोसायटी में किस तरह से भ्रष्टाचार पसरा पड़ा है जिसे कोई भी जिम्मेदार अधिकारी देखने वाला नहीं है। शिकायतों पर जांच तो होती है लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं होता है और जांच ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।

ताजा मामला बोड़ा सोसायटी का है। बोड़ा शाखा के तत्कालीन प्रबंधक को 22 लाख 81 हजार 173 रुपए के गबन के मामले में कार्यवाही का नोटिस थमाया था। यह कार्यवाही आगे नहीं बढ़ी और न ही वसूली हुई। जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आपको बता दें कि बोड़ा संस्था की फाइल री ओपन कर बिन्दूवार जांच कराने की मांग की गई थी है। साथ ही यह भी कहा गया कि अगर पुनः जांच होती है, तो लगभग एक करोड़ रुपए का गबन का मामला सामने आ सकता है।

## तात्कालीन अधिकारी ने क्यों बंद की गई रिकवरी की फाइल


लाखों के घोटाले में आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर

अभी तक शाखा प्रबंधक प्राथमिक साख बोडा ने थाने में नहीं पहुंचाई मूल दस्तावेज की फाइल, फिर कैसे हो कारवाई

बोडा सोसायटी में वर्ष 2018-19 के मध्य गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा राशि 22 लाख 80 हजार 173 रूपये का गबन धोखाधड़ी कर संस्था का नुकसान पहुंचाया गया जिसका आरोप इन पर सिद्ध हुआ था। परंतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर डीआर सरोटिया के द्वारा 14 फरवरी 2023 को उक्त फाईल को बन्द कर दिया गया जिसमें इनके वेतन से कटोत्रा हो रहा था। उक्त फाइल को पुनः रिन्यूवल करवाकर संस्था की राशि 22 लाख 80 हजार 173 रुपए की वसूली संस्था प्रबंधक से कराई जाए।

### कोटरा और सूरजपोल के फसल बीमा की जांच में निकल सकता है करोड़ों का घोटाला

पूर्व में भी गोविंद प्रसाद शर्मा संस्था प्रबंधक के द्वारा बैंक शाखा नरसिंहगढ़ के अधिनस्थ संस्थाएं सुरजपोल एवं कोटरा में भी वर्ष 2016 से 2020 के मध्य में फसल बीमा खाद्य वितरण नगद वसूली सहायक केश बुक में हेरफेर एवं केश बुक में सीधा खर्चा डाला गया एवं बिना रसीद के राशि घटा दी गई है। यदि इनकी जांच की जाए तो यहां का गबन करीब एक करोड़ से उपर निकलेगी। संस्था बोड़ा की फाईल को रि ओपन कराई जाकर नरसिंहगढ़ शाखा स्थित संस्थाओं की वर्ष 2016 से 2020 तक की बिन्दुवार जांच करवाई जाए। इधर बोड़ा सोसायटी की जाँच के लिए टीम भी गठित हुई थी लेकिन जाँच फाइल बोड़ा थाने मामला दर्ज कराने तक पहुंची है लेकिन अभी तक बोड़ा थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा इस मामले में संस्था के तत्कालिन संस्था प्रबंधक पर अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

### इनका कहना है...

पूर्व का दस्तावेज अपने पास नहीं है। मैंने तो अभी 11 अप्रैल 25 को प्रभार लिया है।

**प्रेमसिंह, प्रभारी समिति प्रबंधक**

यदि डॉक्यूमेंट न मिलने की बात है तो मैं दिखवा लेता हूं कि उस समय के दस्तावेज या डाटा कैसे रिकवर किए जा सकते हैं।

**दिलीप सिंह चौहान, सीसीवी बैंक प्रभारी महाप्रबंधक**

हमारे पास एक बार आए थे तब हमने मूल दस्तावेज के साथ फाइल देने की बात कही थी तभी से अब तक कोई भी नहीं आया है तो फिर एफआईआर कैसे कर दें।

**धर्मेन्द्र शर्मा, थाना प्रभारी बोडा**

अभी पुनः समिति प्रबंधक को एफआईआर के लिए पत्र जारी किया गया है, जल्दी ही एफआईआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**लोकेन्द्र सिंह चंद्रावत**
शाखा प्रबंधक कृषि सहकारी संस्था बोडा

### जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए अहम निर्देश

# अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण न करें नगरीय निकायः कलेक्टर



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने बुधवार को जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों में नए भू-खण्डों(प्लॉटों) का नामांतरण नहीं किया जाए। पुराने भू-खण्डों का पुनः विक्रय किया जा सकता है। उन्होंने नगरीय निकायों को हिदायत दी की अवैध कॉलोनियों में सड़क निर्माण भी न करें।

बैठक में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस में दर्ज राजस्व न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों के निरकारण में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित प्रकरणों में शीघ्रता से निर्णय हो। अपील के मामले अनावश्यक लंबित न रहे। दो से पांच साल पुराने राजस्व प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि एक हफ्ते में राजस्व प्रकरणों की अच्छी प्रगति दृष्टिगोचर होनी चाहिए। उन्होंने नामांतरण के लंबित प्रकरणों पर भी असंतोष व्यक्त किया और कहा कि नामांतरण के मामले लंबित नहीं रहना चाहिए। साइबर तहसील में दर्ज प्रकरणों का भी गंभीरता से निराकरण करें।

### हिट एंड रन के मामले भी शीघ्रता से निपटाएं

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जाति प्रमाण-पत्र बनवाने में किसी को असुविधा न हो। हिट एंड रन मामलों में शीघ्रता से प्रभावितों को राहत देने का कार्य किया जाए। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी बेहतर प्रदर्शन के निर्देश राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम राजगढ़ रत्नेश श्रीवास्तव, ब्यावरा एसडीएम गीतांजली शर्मा, नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार सहित जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### हाट बाजार दिवस को सब्जी बेचने दशहरा मैदान है नियत

# नपा के नियम विरुद्ध हाट-बाजार में लग रहीं सब्जी की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर में हर बुधवार लगने वाले साप्ताहिक हाट के कारण नगर की पूरी यातायात सहित अन्य व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाया करती हैं। ऐसे करीब एक वर्ष पूर्व नगर पालिका ने निर्णय लिया था कि हाट बाजार दिवस बुधवार को सब्जी की समस्त दुकानें नवीन दशहरा मैदान पर ही लगाई जाएंगी। जो सब्जी विक्रेता इसका उल्लंघन करेगा उस पर चालानी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

नगर पालिका ने अपने बनाए हुए इस नियम का कुछ हफ्तों तक तो पालन किया वहीं हाट-बाजार में दुकानें लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं के चालान भी काटे गए। लेकिन, हालात अब फिर से पुराने ढर्रे पर लौट चुके हैं। बुधवार को साप्ताहिक हाट-बाजार में ही अनेकों सब्जी विक्रेता अपनी-अपनी दुकानें लगाकर बैठे रहे लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नजर नहीं आई।

### नियमों का पालन करने वालों का हो रहा नुकसान

नगर पालिका के नियमानुसार दशहरा मैदान पर अपनी दुकानें लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। दशहरा मैदान पर सब्जी के दुकानें लगाकर बैठे विक्रेताओं ने बताया कि जब लोगों को बाजार में ही सब्जियां मिल रही हैं तो उन्हें यहां खरीदने बहुत कम ग्राहक आ रहे हैं। नगर पालिका के नियमों के तहत दशहरा मैदान में सब्जी की दुकानें लगाने वाले विक्रेताओं ने मांग की है कि अगले हफ्ते से हाट-बाजार में दुकानें लगाने वालों पर कार्यवाही करें अन्यथा वे भी अपनी दुकानें मार्केट में ही लगाएंगे।

# पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को पशु चिकित्सालय, सारंगपुर में अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अनेक आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसमें पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे लक्ष्य अनुसार आवेदन बैंक में जमा कराएं एवं शीघ्र स्वीकृति सुनिश्चित करें, गोशालाओं का निरीक्षण एवं टीकाकरण सप्ताह में दो बार क्षेत्र की गोशालाओं का भ्रमण कर टैगिंग और टीकाकरण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, निराश्रित गोवंश के लिए त्वरित चिकित्सा व्यवस्थारू सड़क, राजमार्ग या ग्राम पंचायत क्षेत्रों में दुर्घटनाग्रस्त गोवंश की सूचना मिलने पर तत्काल चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।

**वहीं गोवंश पुनर्वास :** सचिन सूर्यवंशी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी को कालापीपल क्षेत्र के सरपंच से समन्वय कर देवनारायण मंदिर स्थित गोवंश को नजदीकी गोशाला में स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गए। पशु औषधालय कडलावद की जर्जर अवस्था को देखते हुए संबंधित अधिकारी को पंचायत कार्यालय से कार्य संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। पशुपालन योजनाओं का प्रचार-प्रसाररू सभी संस्था प्रभारियों को अधिक से अधिक पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। वर्षा ऋतु में टीकाकरण अभियान- सभी ग्रामों में टीम गठित कर वर्षा पूर्व टीकाकरण अभियान चलाने पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान डॉ. अमित शाक्या (पशु चिकित्सा अधिकारी, सारंगपुर), निर्मल कासदे, डॉ. सुमेरा मिर्जा, सचिन सूर्यवंशी, नेमीचंद जाटव, प्रेम किशोर, सुरेश दांगी, नीरज नागर सहित विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण संपन्न



**शुजालपुर।** विधानसभा के गुलाना मध्य प्रदेश के प्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर संदीपनी स्कूल मैं मध्य प्रदेश के 15 जिलों से आए अधिकारी कर्मचारी एवं स्वयं सहायता समूह के रसोइयों को सांदीपनी स्कूल में मशीन के द्वारा भोजन कैसे बनाया जाए, इस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ एच एल वर्मा भोपाल जिले से सीमा सिंह राठौड़ क्वालिटी मॉनिटर अक्षय पात्र संस्था के प्रतिनिधि आईएचएम संस्था के प्रति निधि के द्वारा मशीन द्वारा भोजन कैसे बनाया जाए और विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण के दौरान अमरदीप स्वयं सहायता समूह एवं साहेब कबीर स्वयं सहायता समूह के रसोइयों के द्वारा भी मशीनों से खाना किस प्रकार बनाया जाए का प्रयोग करते हुए दिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान शाजापुर जिले के दिनेश जी जावलकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य गोपाल शर्मा मोहन बड़ोदिया ब्लॉक के मध्यान भोजन प्रभारी दिलीप त्रिवेदी अशोक शर्मा मौजूद रहे।

# मंत्री टेटवाल ने किया 40 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**पचोर।** मंत्री गौतम टेटवाल ने बुधवार को नगर में 40 लाख से अधिक के सामुदायिक भवन, टीन शेड, सड़क निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। शुरुआत में वार्ड क्रमांक 1 में भगवान देवनारायण के दर्शन किए। भूमि पूजन के बाद ग्राम के प्रमुख लोगो से चर्चा की। इसके बाद वार्ड 5 में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इसके बाद भोजपुरिया हनुमान मंदिर में दर्शन कर कार्यों का अवलोकन किया। वार्ड 11 ,12,13 में विकास कार्यों का भूमि पूजन किया।

इस मौके पर मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, कर्तव्य है, और यही मेरे प्रयासों की प्रेरणा है। हमारा संकल्प है कृ हर गली, हर मोहल्ले तक विकास पहुँचाना। विधानसभा क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर नपा अध्यक्ष विकास करोड़िया, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, दामोदर लहरी, उपाध्यक्ष रामभरोसे यादव, पार्षद हेमराज गुर्जर, शक्ति पंवार, सुनीता गुर्जर, चेतना मुंदेरिया,



राधेश्याम गुर्जर, मनीष यादव, दीपक चौहान, सुदर्शन सोनी, कैलाश देशवाली, संदेश राजोरे, सीताराम लहरी, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का किया भूमिपूजन

वार्ड क्र. 01 बिलापुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (लागत 09.14 लाख रुपये) वार्ड क्र. 11 श्री कालाजी महाराज मंदिर परिसर में विधायक निधी से टीन शेड निर्माण कार्य (लागत 13.44 लाख रुपये)वार्ड क्र. 12 में श्री बड़ा मंदिर के पास में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (लागत 09.14 लाख रुपये) वार्ड क्र. 13 खटिक सामाज धर्मशाला के पास में सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 09.14 लाख रुपये।

### 127 किमी की डाक कांवड़ यात्रा का किया आयोजन

# गो माता को राष्ट्र माता बनाने की मांग को लेकर दौड़े कांवड़िए

**पचोर।** सावन के पवित्र महीने में गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर गो सेवकों द्वारा डाक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। समस्त गो सेवक के बैनर तले 48 युवा कांवड़ियों की टोली राम घाट उज्जैन से शिप्रा का जल लेकर दौड़ते हुए पचोर प्राचीन शिवालय पहुंचे। जहां भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया गया। -सुबह 7 बजे कांवड़ियों का जत्था बाइक से घाट के लिए रवाना हुआ। शिप्रा से पवित्र जल 5 भरकर युवाओं ने दौड़ शुरू की। - यात्रा की खास बात यह रही कि - जल एक विशेष बांस से बनी कांवड़ में भरा गया,



जिससे उसे सुरक्षित और छलकने से रोका जा सके। पूरी यात्रा रिले प्रणाली पर आधारित रही-एक थकता तो दूसरा दौड़ पड़ता। इस तरह सभी ने 127किलोमीटर की दूरी बारी-बारी तय की।

**उत्साह से गूंजा मंदिर परिसरः** दोपहर करीब 2.30 बजे कांवड़िए प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। हर-हर महादेव के गगनभेदी जयघोष के बीच भोलेनाथ का शिप्रा के जल से अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल छा गया। भजन-कीर्तन हुए, प्रसाद वितरण हुआ और नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया।

### यात्रा के जरिए एकता और आस्था का संदेश

यह धार्मिक आयोजन युवाओं की एकता, संयम और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य नगर में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करना है, इसके साथ ही अपनी मांग की डाक भी भगवान को समर्पित डाक में लिखा गया कि यह कावड़ उज्जैन बाबा महाकाल से पचोर बाबा विश्वनाथ के लिए लाई जा रही है। शिप्रा मैया का जल भरकर लाया गया है। एक ही लक्ष्य है कि गो माता जो सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खा रही हैं, उन पर बाबा विश्वनाथ कृपा करें।

# ओडिशा में छात्रा से रेप, विदिशा में छात्रों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ओडिशा के एक कॉलेज में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में मंगलवार को अभाविप विदिशा में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने ने कहा कि शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। संगठन ने एनएसयूआई पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। नेता शालिनी वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी प्रोफेसर समीर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कार्रवाई न होने पर छात्रा ने आत्मदाह कर लिया। आरोपी को तो फांसी होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएसयूआई पीड़िता का नहीं बल्कि आरोपी प्रोफेसर का समर्थन कर रही है। संगठन का कहना है कि जो लोग इस मामले को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, वे छात्रों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ खड़े हैं।

### पुलिस और अहिंसा वेलफेयर टीम ने संयुक्त रूप से किया आयोजन

# 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत स्कूली बच्चों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नशे से दूरी है जरूरी... संदेश के साथ अहिंसा वेलफेयर सोसायटी और पुलिस के संयुक्त प्रयास से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बरखेड़ा स्कूल में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया, वहीं ग्राम दुबली में दीवार लेखन से नशे के खिलाफ जन-जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। बरखेड़ा में हुए संवाद के दौरान किसी भी तरह के नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। बच्चों ने नशे को जीवन से दूर रखने का संकल्प लिया। इसी तरह ग्राम दुबली में पीस वॉलिंटियरों ने दीवार लेखन अभियान चलाया। गांव की सार्वजनिक जगहों, स्कूल के पास, चैराहों, चैपालों और प्रमुख गलियों की दीवारों पर नशा विरोधी स्लोगन लिखे गए। दीवार लेखन के जरिए शराब छोड़ो, जिंदगी से नाता जोड़ो, नशा एक रोग है, जागरुकता ही इलाज है जैसे स्लोगन लिखे गए जो न केवल राहगीरों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं, बल्कि समाज को जागरुक भी कर रहे हैं।

### घर-घर जाकर किया जन संवाद

अभियान के दौरान वॉलिंटियरों ने गांव में घर-घर जाकर संवाद किया। खासकर किशोरों और युवाओं को मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई जो नशे की आदतों से हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशा केवल शराब या तंबाकू तक सीमित नहीं है, बल्कि मोबाइल, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल लतें भी आज की युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रही हैं। गांव की महिलाओं और बुजुर्गों ने भी इस अभियान की सराहना की। अभियान में अहिंसा टीम से मनीष दांगी, रजनी प्रजापति तथा पुलिस विभाग की तरफ से उप-निरीक्षक सुनीता भावर, दिनेश गुर्जर एवं नासिर खान ने सक्रिय सहभागिता की।

# पुलिस ने नशे की लत से दूर रहने की दिलाई शपथ



**खुजनेर।** नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर में बच्चों को नशे से दूरी बनाने एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं थाना प्रभारी शिवचरण यादव द्वारा बताया गया कि नशीले पदार्थों के बढ़ते उपयोग ने समाज के लिए एक गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ रहा है नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हैं यह प्रवृत्ति न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है, बल्कि अपराधों को भी बढ़ावा देती है इस समस्या से निपटने और समाज में नशीले पदार्थों को कम करने के लिए एक, व्यापक प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गांजे शराब, ड्रग्स के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना है।तथा मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करना भी शामिल है। नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी शिवचरण यादव एएसआई मंगल छायल आरक्षक दिगपाल यादव प्राचार्य आशीष गुप्ता सहित स्कूल छात्र छात्राएं व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।